


## एक नजर में

### मीशो मॉल ने मैरिको के साथ साझेदारी की

**इंदौर** मीशो मॉल और मैरिको का गठबंधन मीशो प्लेटफ़ॉर्म पर पर्सनल केयर एवं वैलनेस ब्रांड्स का संग्रह बढ़ाएगा. इस गठबंधन के बाद मैरिको के भरोसेमंद ब्रांड, जैसे पैराशूट एडवांस्ड, पैराशूट एडवांस्ड बेबी, लिवॉन, काया, बायो ऑयल और सेट वेट टियर 2 एवं अन्य शहरों में मीशो के बड़े ग्राहक वर्ग को उपलब्ध हो गए हैं. यह गठबंधन भारत में परिवारों के लिए उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के मीशो और मैरिको के उद्देश्य के अनुरूप है. मीशो मॉल पर मैरिको के इस पोर्टफ़ोलियो ने पर्सनल केयर, हैल्थ एवं वैलनेस सहित मुख्य श्रेणियों को मजबूत बनाया है. मीशो द्वारा और ज्यादा ब्रांड्स को शामिल करके अपने उत्पाद संग्रह का विस्तार करने की योजना बनाई जा रही है.

### कैम्ब्रिज ने जून 2025 के परीक्षा परिणाम जारी किए

**इंदौर.** कैम्ब्रिज इंटरनेशनल एजुकेशन (कैम्ब्रिज) ने जून 2025 की परीक्षा के नतीजे दुनिया भर के 6,80,000 से ज़्यादा छात्रों को जारी किए हैं. यह पिछले साल से कुल 9प्रतिशत ज़्यादा है. इस बढ़ोतरी से यह साफ्पता चलता है कि शिक्षा में वैश्विक तैयारी की ओर लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है. कैम्ब्रिज के इंटरनेशनल एजुकेशन के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर रॉड स्मिथ ने बताया कि आज के इस अनिश्चितता और लगातार बदलते समय में, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा जो सही समझ और बेहतर नज़रिया देती है, वह सिर्फ़ एक फ़ायदा नहीं बल्कि एक ज़रूरत है, इस अगस्त कैम्ब्रिज के नतीजे पाने वाले सभी छात्रों को बधाई. कैम्ब्रिज के साउथ एशिया में इंटरनेशनल एजुकेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट विनय शर्मा ने कहा कि हहर साल लगातार संख्या का बढ़ना हमारे सख्त और भविष्य के लिए तैयार पाठ्यक्रम पर भरोसे को मज़बूत करता है.

### एयू एसएफबी ने एनआरई खातों के लिए यूपीआई सेवाएं शुरू की

**इंदौर.** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने अपने नॉन-रेजिडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) और नॉन-रेज़िडेंट ऑर्डिनरी (एनआरओ) खाता धारकों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं की शुरुआत की है. यह सुविधा अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों पर उपलब्ध होगी. 12 देशों में रहने वाले एनआरआई ग्राहक बिना भारतीय सिम कार्ड के अपने एनआरई/एनआरओ खातों को यूपीआई से लिंक कर सकेंगे. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के ईडी और डिप्टी सीईओ उत्तम टिबरेवाल ने कहा अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों के साथ एनआरई और एनआरओ खाता धारकों के लिए यूपीआई सक्षम करके हम पारंपरिक सीमाओं को समाप्त कर रहे हैं और एनआरआई को भारत से वित्तीय रूप से जुड़े रहने की शक्ति दे रहे हैं- वह भी आसानी, सुरक्षा और सुविधा के साथ. अब एनआरआई भारत आने पर क्यूआर कोड स्कैन कर कैशलेस भुगतान कर सकेंगे.

### डॉ. लिंबाचिया के रीसर्च पेपर अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल जर्नल्स में प्रकाशित

**इंदौर.** प्रसिद्ध लैप्रोस्कोपिक ऑन्को-गायनेक सर्जन तथा ईवा वीमेन हॉस्पिटल, अहमदाबाद के संस्थापक डॉ. दीपक लिम्बाचिया ने मेडिकल रीसर्च में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. उनके 2 नए रीसर्च पेपर प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं. ये शोध एंडोमेट्रियल कैंसर और बाउल एंडोमेट्रियोसिस जैसे स्त्रीरोग कैंसर संबंधी मामलों के एडवान्स सर्जरी टेक्निक्स पर केंद्रित हैं. एंडोमेट्रियोसिस मुख्यत: महिलाओं में पेल्विक पेइन है, जो मासिक धर्म से जुड़ा होता है।इसमें महिलाओं को सामान्य से कहीं अधिक दर्दनाक पीरियड्स आते हैं ।इसके अलावा यौन संबंध के दौरान दर्द, शौच या पेशाब में तकलीफ, अत्यधिक रक्तस्राव, पीरियड्स के दौरान ब्लीडिंग, पेट फूलना, थकान, मतली, अवसाद, चिंता और बांझपन जैसी समस्याएं भी पाई जाती हैं. ईवा वीमेन हॉस्पिटल में मिनिमली इनवेसिव तकनीकों द्वारा मरीजों का सुरक्षित इलाज करने तथा जल्दी रीकवरी को प्राथमिकता देने के साथ सेवाओं को अधिक से अधिक आधुनिक व प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर रक्तदान 23 को

**इंदौर.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि 25 अगस्त के अवसर पर भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जाएगा. इसी तारतम्य में इंदौर जोन के क्षेत्रीय मुख्यालय न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर में भी 23 अगस्त को प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. उक्त जानकारी देते हुए ज़ोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने दी.

## स्क्रब टाइफस से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी : कलेक्टर

▶ सावधानी और सतर्कता ही सुरक्षा है







**नवभारत न्यूज**

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे स्क्रब टाइफस जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए विशेष सावधानियां बरतें। उन्होंने कहा कि स्क्रब टाइफस एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित माइट (कीट) के काटने से होता है। समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह बीमारी गंभीर रूप धारण कर सकती है, किन्तु सतर्कता और समय पर चिकित्सा परामर्श से इसका पूर्णत: उपचार संभव है।**

### कलेक्टर ने की आम नागरिकों से अपील

कलेक्टर ने कहा कि सावधानी और सतर्कता ही स्क्रब टाइफस से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। समय पर जाँच और इलाज से यह बीमारी पूरी तरह ठीक हो सकती है। सभी नागरिक सतर्क रहें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी लक्षण के प्रकट होते ही तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें =

स्क्रब टाइफस से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां

1. जंगल, खेत या घास-फूस वाले क्षेत्रों में जाते समय पूरी बाँहों के कपड़े और जूते अवश्य पहनें।

2. शरीर पर किसी भी प्रकार का काला निशान, दाने या असामान्य घाव दिखे तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएँ।3. घर-आँगन और आसपास की झाड़ियों, घास और गंदगी की नियमित सफाई करें।4. बच्चों व बुजुर्गों को खुले मैदान, घास या झाड़ियों में बैठने-खेलने से बचाएँ। 5. मच्छर-किलनी और कीट भगाने वाली दवाओं का उपयोग करें।

6. खेतों में काम करने वाले किसान, पशुपालक एवं मजदूर विशेष सतर्कता रखें।

### प्रो पंजा लीग में टीम एमपी हथौड़ास सेमीफाइनल के करीब

**इंदौर.** प्रो पंजा लीग के दूसरे सीज़न का रोमांच जैसे-जैसे बढ़ रहा है, घरेलू फ्रेंचाइज़ी एमपी हथौड़ास टूर्नामेंट की सबसे चुनौतीपूर्ण टीमों में से एक बनकर उभरी है. अब जब टीम सेमीफाइनल स्थान सुरक्षित करने की कगार पर है, ऐसे में स्टार खिलाड़ी सचिन गोयल और कप्तान त्रिदीप मेधी ने अपनी यात्रा, टीम की भावना और परवीन डबास व प्रीति जंधियानी द्वारा स्थापित प्रो पंजा लीग के भारतीय आर्म रेसलिंग पर बढ़ते प्रभाव के बारे में बातचीत की. सचिन गोयल ने कहा हमारी टीम का आपस में तालमेल बेहतरीन है, हम एक-दूसरे की मदद करते हैं और एक यूनिट की तरह काम करते हैं.

### ओडू कम्युनिटी डेज़ में 25 हजार प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**इंदौर.** भारत भर के व्यवसाय कई बार डुप्लीकेट बिलिंग, इन्वेंट्री में गड़बड़ी, भुगतान में देरी और अधूरी रिपोर्टिंग जैसी सामान्य लेकिन गंभीर समस्याओं का सामना करते हैं. इन समस्याओं के समाधान के लिए, प्रमुख ओपन सोर्स बिज़नेस प्लेटफॉर्म, ओडू इंडिया द्वारा गांधी नगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में ओडू कम्युनिटी डेज़ इंडिया 2025 का आयोजन किया. यह कार्यक्रम बिज़नेस और टेक्नोलॉजी की दुनिया में एक नई मिसाल साबित हुआ, जिसमें देशभर के 25,000 से अधिक प्रतिभागियों ने कीनोट्स, सेशंस और व्यावहारिक अनुभवों में हिस्सा लिया.

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी नीमच का निर्वाचन 25 अगस्त को होगा

**नवभारत न्यूज**

नीमच। डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक प्रशासक भारतीय रेडकास सोसायटी नीमच सुश्री मयूरी जोक ने बताया, कि भारतीय रेडक्रास सोसायटी की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन एवं प्रबंध समिति जिला शाखा नीमच का निर्वाचन 25 अगस्त 2025 को प्रात: 11:00 बजे रेडक्रॉस भवन में संपन्न होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए रेडक्रॉस नीमच के सभी आजीवन सदस्यों से नियत तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### निर्वाचन प्रक्रिया एवं पात्रता

जिला प्रबंध समिति के सदस्य बनने हेतु एक अगस्त 2025 की स्थिति में रेडक्रास नीमच के सभी आजीवन सदस्य मतदान हेतु अर्हता रखेंगें। पूर्व से पंजीकृत सदस्य अपना पंजीयन क्रमांक रेडक्रॉस कार्यालय से प्राप्त करें। मतदाता सूची कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है। मतदान हेतु सदस्यों को अपना फोटो पहचान पत्र, आधार कार्ड अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। केवल नीमच रेड कास के आजीवन सदस्यगण ही निर्वाचन में भाग ले सकेंगें।

### पदों का निर्वाचन

प्रबंध समिति के निर्वाचन उपरांत 25 अगस्त 2025 को ही समिति के सदस्यों में से चेयरमेन, वाईस चेयरमेन, कोषाध्यक्ष, प्रदेश प्रतिनिधि (साधारण सभा) आदि पदों का चुनाव किया जावेगा।

> **नाम निर्देशन एवं समय सीमा**
>
> 25 अगस्त 2025 को प्रात: 11:15 से 11:45 बजे तक नाम निर्देशन प्रकिया होगी। प्रात: 11:45 से 12:45 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की जांच, दोपहर 2:45 से 1:00 बजे तक प्राविधिक सूची का प्रकाशन, दोपहर 1:00 से 1:30 बजे तक आपत्ति एवं नाम वापसी, दोपहर 2:00 बजे अंतिम सूची का प्रकाशन, दोपहर 3:00 बजे से मतदान एवं परिणाम, तत्पश्चात आगामी प्रक्रिया की जावेगी। सुश्री मयूरी जोक ने सभी आजीवन सदस्यों से अनुरोध किया है, कि वे निर्वाचन प्रकिया में सक्रिय रूप से भाग लें। निर्वाचन से सबंधित अधिक जानकारी एवं समस्या समाधान हेतु रेडक्रॉस कार्यालय नीमच एवं सहायक प्रशासक से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

**एक नजर** | राशि मय ब्याज व परिवाद व्यय भी देने का आदेश

## ढाई लाख बीमा राशि न देने पर उपभोक्ता आयोग ने एसबीआई को आदेशित किया

**नवभारत न्यूज**

**पिपलियामण्डी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, मंदसौर ने एक अहम आदेश में भारतीय स्टेट बैंक को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए मृतक खाता धारक के परिजनों को बीमा राशि अदा करने का निर्देश दिया है।** आयोग ने अपने आदेश में कहा कि बैंक द्वारा बीमा की पावती सह प्रमाणपत्र जारी करने के बाद भी मृतक के खाते से प्रीमियम राशि नहीं काटना सेवा में गंभीर लापरवाही है। आयोग ने बैंक को आदेशित किया है कि वह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के उत्तराधिकारियों को दो लाख रुपये की बीमा राशि, पाँच हजार रुपये परिवाद व्यय तथा वाद दायर होने की तिथि से अदायगी तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ 30 दिनों के भीतर भुगतान करे। जानकारी के अनुसार इंदिरा कॉलोनी, अयोध्या बस्ती, मंदसौर निवासी भंवरलाल मालवीय ने भारतीय स्टेट बैंक, महू-नीमच रोड शाखा में बचत खाता खोल रखा था। खाता धारक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (330 रुपए वार्षिक प्रीमियम) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (12 रुपए वार्षिक प्रीमियम) दोनों योजनाओं में बीमा कराया था। इसके संबंध में बैंक द्वारा पावती सह बीमा प्रमाणपत्र भी जारी किया गया था। 09 जून 2020 को भंवरलाल की मृत्यु हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी श्रीमती रामकन्या बाई और पुत्र राहुल ने बीमा की कुल 6 लाख राशि (दोनों योजनाओं से चार लाख एवं एटीएम कार्ड बीमा से दो लाख) की माँग बैंक से की।

> आयोग के अध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप सिंह और सदस्य समता गुप्ता की खंडपीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मृतक के उत्तराधिकारियों को 2,00,000 रुपए बीमा राशि दी जाए। साथ ही 5,000 रुपए परिवाद व्यय भी अदा किया जाए। यह राशि दावा दायर होने की तारीख (05 जुलाई 2021) से भुगतान की तारीख तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा की जाए। हालाँकि आयोग ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और एटीएम कार्ड बीमा से संबंधित दावा खारिज कर दिया। कारण यह बताया गया कि सुरक्षा बीमा केवल दुर्घटनात्मक मृत्यु पर लागू होता है, जबकि भंवरलाल की मृत्यु सामान्य परिस्थितियों में हुई थी, ।

## पीथमपुर में जमीन मालिकों को प्लॉटों का किया आवंटन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एमपीआईडीसी द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप योजना में जमीन मालिकों को प्लाट आवंटन साफ्टवेयर और लॉटरी ले द्वारा किया जा रहा है. उक्त योजना के लिए एमपीआईडीसी से जमीन मालिकों के साथ विक्रय पत्र पंजीयन किए थे. इसमें जनवरी 23 से सितंबर 23 तक रजिस्ट्री करने वाले भू धारकों को व्यवसायिक और आवासीय प्लाटों का आवंटन किया गया.

स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाऊनशिप सेक्टर-7 योजना में जमीन मालिकों से आपसी सहमति के आधार पर लैण्ड पुलिंग पद्धति से जमीन ली जा रही है. भू-धारकों से ली गई भूमि के बदले में कलेक्टर गाईड लाईन की दो गुना मुआवजा राशि का भुगतान किया जा रहा है. इसमें 20 प्रतिशत मुआवजा राशि नकद तथा बकाया शेष 80 प्रतिशत मुआवजा राशि के बराबर विकसित भूखण्ड आवंटित करने का प्रावधान है. एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने बताया कि स्मार्ट इण्डस्ट्रीयल टाऊनशिप सेक्टर-7 योजना में जनवरी 2023 से 01 सितम्बर 2023 तक जिन भू धारकों से जमीन लेकर विक्रय पत्र पंजीकृत किए गए थे।

# नीमच

## एक नजर में

### कार्यक्रम अधिकारी सुश्री पंड्या ने नीमच में किए उत्कृष्ट कार्य, तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया सम्मानित



**नीमच।** भोपाल के श्री कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा नीमच जिले की महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या को सम्मानित किया गया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के कलेक्टर एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया है।

### प्रवेश हेतु सीएलसी राउंड, 25 अगस्त को आवेदक स्वयं उपस्थित हो आई.टी.आई. में

**नीमच।** जिले के आई.टी.आई. में सी.एल.सी. राउंड हेतु नवीन आवेदकों को अधिकतम 5 च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक होने के पश्चात् संशोधन होना संभव नही है। सीएलसी राउंड में आवेदक को निर्धारित 25 अगस्त 2025 को आईटीआई में स्वंय उपस्थित होकर च्वाईस किए गए ट्रेड मे से किसी एक ट्रेड में प्रवेश हेतु उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। जिन आवेदको के द्वारा उपस्थिति दर्ज करवाई गई है, केवल उन्ही आवेदकों की सूची से 26 अगस्त 2025 को प्रात: 11:00 बजे पोर्टल पर व्यवसायवार मेरिट जारी की जायेगी। जिसे आईटीआई द्वारा सूचना पटल पर भी प्रिंट कर प्रदर्शित किया जायेगा। मेरिट केवल रिक्त सीटो की सख्या अनुसार ही जारी होगी। 28 अगस्त 2025 को आईटीआई के लॉगिन पर यदि सीटे रिक्त रहती है तो रिक्त सीटों के लिए जिन आवेदको की उपस्थिति 25 अगस्त 2025 को दर्ज की थी उनमे से शेष बचे आवेदकों की प्रतीक्षा मेरिट सूची आईटीआई द्वारा जारी की जायेगी। 28 अगस्त 2025 को आईटीआई द्वारा प्रतीक्षा मेरिट सूची को सूचना पटल पर प्रिंट कर चस्पा कर प्रदर्शित किया जायेगा। प्रतीक्षा मेरिट सूची अनुसार उपस्थित आवेदकों की उपस्थिति आईटीआई द्वारा दोपहर 02 बजे के बाद केवल उपस्थित आवेदको की सूची सूचना पटल पर लगाई जायेगी। 28 अगस्त 2025 को दोपहर 2 बजे के पश्चात प्रवेश का कार्य किया जायेगा।

### प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के तहत 25 सितम्बर तक विद्यार्थी करें आवेदन

**नीमच।** प्रतिभा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के वे विद्यार्थी, जिन्होंने योजना अंतर्गत शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है, वे इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को एमपीटास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2025 हैं। यह योजना विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें उच्च शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इच्छुक पात्र विद्यार्थी समय पर आवेदन कर, योजना का लाभ ले सकते हैं।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 28 अगस्त को

**नीमच।** जिला स्तरीय पदामर्शदात्री समिति की बैठक 28 अगस्त 2025 गुरूवार को दोपहर 3 बजे आयोजित की जा रही है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित इस बैठक में सभी विभागों के मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघों के जिला स्तरीय अध्यक्ष एवं सचिवों और जिला अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का आगृह किया गया है।

## नीमच जिला मुख्यालय के शासकीय भवनों में गंदगी, जनता से पहले देखें अपना आईना : बंसल





**नवभारत न्यूज**

**नीमच। कांग्रेस नेत्री मधु बंसल ने नीमच जिला मुख्यालय के शासकीय भवनों, अदालतों और अस्पताल में फैली गंदगी और अव्यवस्था पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के साथ धोखा है।** जनता न्याय की उम्मीद और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इन दफ़्तरों में आती है, लेकिन उसका सामना टूटी-फूटी सीढ़ियों, पान-गुटखे से सनी दीवारों और बदबूदार शौचालयों से होता है। क्या यही है नीमच प्रशासन की पहचान क्या यही है जनता का स्वागत करने का तरीका मधु बंसल ने कहा कि अधिकारी मंचों से बड़े-बड़े भाषण देते हैं, स्वच्छता अभियान और तंबाकू विरोधी रैलियाँ निकालते हैं, पोस्टर और नारे लगवाते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या उन्हें अपने ही दफ़्तरों और अदालतों की हालत नहीं दिखती क्या उन्हें यह नहीं दिखाई देता कि जिन जगहों से जनता को संदेश जाना चाहिए, वहीं पर चिराग तले अंधेरा जैसी शर्मनाक स्थिति है जनता को उपदेश देने से पहले अधिकारी खुद उदाहरण क्यों नहीं पेश करतेउन्होंने जिला अस्पताल की बदहाली पर भी सवाल खड़े किए। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर गंदगी, पानी का जमाव, कीचड़ और मच्छरों का बोलबाला है। मरीज इलाज कराने आते हैं लेकिन उन्हें दूसरी बीमारियाँ साथ मिल जाती हैं।



> अंत में मधु बंसल ने कहा कि यह केवल स्वच्छता का मुद्दा नहीं, बल्कि जनता की गरिमा और सम्मान का सवाल है। जब जनता अपने ही शासकीय भवनों, अदालतों और अस्पताल में गंदगी देखती है तो उसका विश्वास प्रशासन से उठ जाता है। कांग्रेस नेत्री ने साफ कहा कि - कांग्रेस जनता की आवाज़ है, और जनता का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाएगी। जनता अब केवल भाषण नहीं बल्कि ठोस बदलाव चाहती है।

### आचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज का समाधि महामहोत्सव 24 व 25 अगस्त को

**सिंगोली।** बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती श्री शांतिसागर जी महामुनिराज का समाधि महा महोत्सव दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज आचार्य श्री ज्ञैयसागर सागर जी महाराज व अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद से गुरु मां आर्यिका श्री प्रशममति माताजी व उपशममति माताजी ससघ के सानिध्य में 24 व 25 अगस्त को दो दिवसीय धार्मिक आयोजन होगा।24 अगस्त रविवार को प्रात: 8 बजे से माताजी ससघ के मंगल प्रवचन, प्रात: 9 बजे से आचार्य श्री के जीवन चरित्र पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा उद्बोधन, सायं 6 बजे से आचार्य श्री के जीवन पर आधारित नाटिका होगी।इसी प्रकार 25 अगस्त सोमवार को प्रात: 6:30 बजे से मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज द्वारा रचित शान्ति स्तुति शतकर्म संगीतमय विधान एवं आसपास के 16 गांवों के समाजजनों द्वारा विधान मे अर्घ समर्पण किया जाएगा।

**एक नजर** | एक नंबर पर मिलेगी पुलिस-फायर-एंबुलेंस की सुविधा

## जावद विधानसभा में डायल 112 की नई सेवा शुरू, पांच नए जीपीएस वाहन मिले




**नीमच। जावद विधानसभा क्षेत्र में बुधवार से डायल 112 की सुविधा शुरु हो गई है। दरअसल, नीमच जिले में आधुनिक पुलिसिंग को नया स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने डायल 112 सेवा का शुभारंभ किया है। जावद विधानसभा क्षेत्र को पांच नए वाहन आवंटित किए गए हैं।** जावद और रतनगढ़ थाने को दो-दो वाहन और सिंगोली थाने को एक वाहन मिला है। जावद और रतनगढ़ में मिले वाहनों में से एक-एक वाहन डिकेन और सरवानिया चौकियों पर सेवा देगा।

पुलिस के साथ-साथ फायर और एंबुलेंस सेवाओं से भी जुड़े रहेंगे ये वाहन

इन वाहनों की विशेषता है कि ये पुलिस के साथ-साथ फायर और एंबुलेंस सेवाओं से भी जुड़े रहेंगे। नागरिकों को अब केवल 112 नंबर डायल करना होगा। पुलिस और फायर की कॉल्स का जवाब स्थानीय पुलिस देगी। एंबुलेंस संबंधी कॉल्स भोपाल कॉल सेंटर से स्वास्थ्य विभाग को भेजी जाएंगी।

रक्षित निरीक्षक विक्रम सिंह भदौरिया ने बताया कि भोपाल से 12 वाहन जिला मुख्यालय पहुंच चुके हैं। हर वाहन में बॉडी वॉर्न कैमरा, डैश बोर्ड कैमरा, जीपीएस और लाइव मॉनिटरिंग सिस्टम लगा है। वाहनों में हैक्सा, बोल्ट कटर, टिन कटर, कुल्हाड़ी, रस्सी, स्ट्रेचर और हैमर कटर जैसे जरूरी उपकरण रखे गए हैं।

### सभी वाहनों में लगे हैं 5जी सिम कार्ड

जिला रेडियो प्रभारी गजेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि सभी वाहनों में 5जी सिम कार्ड लगाए गए हैं। इससे बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। वाहन भोपाल स्थित कॉल सेंटर से सीधे जुड़े रहेंगे।



## पोर्टल से प्राप्त शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की बाबा रामदेव दूध डेयरी खोर पर कार्रवाई

**नीमच।** एफएसएसएआई पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निराकरण हेतु कलेक्टर के निर्देश अनुसार एवं अभिहित अधिकारी नीमच के मार्गदर्शन में खोर में स्थित श्री रामदेव दूध डेयरी का आकस्मिक निरीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच द्वारा किए गए एवं मौके पर निर्मित विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ पानी पतासे का पानी, मोतीचूर के लड्डू, मावा लड्डू, केसर बर्फी, चॉकलेट बर्फी, मूंगफली तेल मिर्ची पाउडर धनिया खड़ा, अजवाइन के 9 नमूने जांच हेतु लिए गए।

एवं टिम द्वारा नीमच सब्जी मार्केट स्थित सेठिया किराना स्टोर का आकस्मिक निरीक्षण कर मौके पर विक्रय हेतु भंडारित खाद्य पदार्थ उमंग दानेदार शुद्ध घी एवं हेरिटेज दानेदार देसी घी के 2 नमूने जांच हेतु लिया गया।

दिए गए नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ईदगाह हिल्स भोपाल भेजा गया जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा की गई। जांच अभियान सतत जारी रहेगा।

## बंगला खाली करने की बात को लेकर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का कारावास

**नीमच।** डॉ. रेखा मरकाम, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नीमच द्वारा बंगला खाली करने की बात को लेकर फरियादी को अश्लील गॉलीया देते हुवे चाकू से हमला करके जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी अजय पिता गुड़विनदास मसीह, आयु-44 वर्ष, निवासी शक्ति नगर, धनेरिया रोड़, थाना बघाना, जिला नीमच को धारा 324 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 वर्ष के कारावास एवं 5000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 506(2) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 2000 रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 294 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री राजेन्द्र प्रभुदयाल नायक द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 8 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 16 अप्रैल 2017 को रात्री के लगभग 09:30 बजे ज्ञान मंदिर के पास स्थित आशीष भवन चर्च, नीमच की हैं। घटना दिनांक को चर्च में खाने का प्रोग्राम चल रहा था, जहाँ फरियादी विवियन दास एवं अन्य कई व्यक्ति खाना खा रहे थे। इसी दौरान वहां पर आरोपी आया और बंगला खाली किये जाने की बात को लेकर फरियादी से विवाद करते हुवे अश्लील गाली-गलौच करने लगा और आक्रोशित होकर चाकू से उस पर हमला कर दिया।